प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 रविवार    दिनांक 02.11.2025

मुख्य समाचारः—

- प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में आज से शुरू हुआ तीन दिवसीय राज्योत्सव—उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने जगदलपुर और वन मंत्री केदार कश्यप ने दंतेवाड़ा में किया जिला स्तरीय राज्योत्सव का शुभारंभ।
- इसरो ने आज शाम श्रीहरिकोटा से भारत के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस—थ्री का किया प्रक्षेपण।
- खाद्य विभाग ने डिजिटल क्रॉप सर्वे और गिरदावरी के मोबाइल पीवी ऐप
- सत्यापन की तिथि तीस नवंबर तक बढ़ाई।
- धमतरी जिले के राजाडेरा जलाशय के टेल एरिया के पास बांध के टूटने से बेलोना, कोरगांव सहित दर्जनों गांव प्रभावित।

रजत महोत्सव—राज्योत्सव—01

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर प्रदेश के जिला मुख्यालयों में आज से तीन दिवसीय राज्योत्सव की शुरूआत हो गई है। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने आज जगदलपुर के सीटी ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने यहां लगाए गए विभिन्न शासकीय विभागों के स्टॉल में जाकर विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही हितग्राहियों से भी चर्चा की। इस अवसर पर श्री साव ने आमचो बस्तर हाट कियोस्क का उद्घाटन कर कलागुड़ी कैटलॉक का विमोचन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साव ने छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में पच्चीस वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना सहित सभी क्षेत्रों में विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों को सुरक्षा बलों और पुलिस द्वारा नक्सल मुक्त किया जा रहा है। बस्तर अब देश और दुनिया में अपनी उत्कृष्ट कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और पर्यटन के लिए जाना जा रहा है।

वहीं, वन मंत्री केदार कश्यप ने दंतेवाड़ा जिले के मेंढक डोबरा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर में तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री कश्यप ने कहा कि एक समय था, जब दंतेवाड़ा का नाम सुनते ही भय और असुरक्षा का भाव उत्पन्न होता था, लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। अब दंतेवाड़ा जिला शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य, कृषि, सड़क और विकास के हर क्षेत्र में नई दिशा की ओर अग्रसर है। इस मौके पर श्री कश्यप ने जिला प्रशासन द्वारा राज्य के पच्चीस वर्षों की विकास यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

<u>रजत महोत्सव–राज्योत्सव–02</u>

इधर, एक से पांच नवंबर तक नवा रायपुर में आयोजित हो रहे रजत महोत्सव में देश और प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही है। पहले दिन कल राज्य की ऐश्वर्या पंडित, पीसी लाल यादव, आरू साहू, दुष्यंत हरमुख, निर्मला ठाकुर ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। वहीं, राष्ट्रीय कलाकार हंसराज रघुवंशी ने भी अपने भजनों से समा बांध दिया।

आज दूसरे दिन मुंबई के सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक आदित्य नारायण के अलावा छत्तीसगढ़ के कलाकारों में सुनील तिवारी, जयश्री नायर और पद्मश्री डोमार सिंह कंवर कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

<u>इसरो–सीएमएस–03</u>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने आज शाम श्रीहरिकोटा से भारत के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस–थ्री (जीसैट–सेवन आर) का प्रक्षेपण किया। इसे भारतीय प्रक्षेपण यान द्वारा भू–समकालिक स्थानांतरण कक्षा–जीटीओ में पहुंचाया गया। यह भारी रॉकेट शाम पांच बजकर छब्बीस मिनट पर सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित हुआ। इस मिशन का उद्देश्य नौसेना संचार को बेहतर बनाना और सुदूर क्षेत्रों में डिजिटल

कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना है। यह भारत के सबसे शक्तिशाली रॉकेट की पांचवीं परिचालन उड़ान है। यह उपग्रह एक बहु–बैंड सैन्य संचार प्रणाली है।

डिजिटल क्रॉप सर्वे–तिथि

खाद्य विभाग ने डिजिटल क्रॉप सर्वे और गिरदावरी के मोबाइल पीवी ऐप

सत्यापन की तिथि बढ़ाकर तीस नवंबर कर दी है। पहले इसकी अंतिम तिथि इकतीस अक्टूबर निर्धारित की गई थी।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने इसे किसानों के हित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को डिजिटल प्रणाली के माध्यम से और अधिक पारदर्शिता तथा सुविधा प्रदान करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जिलों में गिरदावरी और डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य समय–सीमा के भीतर पूरा किया जाए, जिससे किसानों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

माओवादी सामग्री–बरामद

गरियाबंद जिले में शोभा और जुगाड़ थाना क्षेत्र के जंगलों से पुलिस ने भारी मात्रा में माओवादी सामग्रियां बरामद की हैं। इनमें चार कुकर बम, इलेक्ट्रिक वायर, फटाका और राशन सामग्री शामिल है। पुलिस ने सायबिनकछार, कोदोमाली और भूतबेड़ा के जंगलों में जांच अभियान के दौरान यह सामग्री बरामद की है।

जिले के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि माओवादियों ने यह सामान सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से छिपाकर रखा था। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा माओवादियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और सर्चिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र

केन्द्र सरकार के महारजिस्ट्रार कार्यालय ने जन्म–मृत्यु पंजीकरण अधिनियम में संशोधन किया है। इसके तहत अक्टूबर दो हजार तेईस के बाद जन्मे बच्चों की जन्म तिथि प्रमाणित करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र ही

एकमात्र वैध आधार होगा। इस तिथि के पहले जन्मे बच्चों के मामलों में अन्य वैकल्पिक दस्तावेज भी जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में मान्य रहेंगे। छत्तीसगढ़ में अप्रैल दो हजार तेईस के बाद से जन्मे प्रत्येक बच्चे के लिए ऑनलाइन जारी जन्म प्रमाण पत्र को ही मान्य किया गया है। पूर्व में जिन बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र मैन्युअल पद्धति से जारी किया गया था, उनके लिए भी अब पोर्टल में ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनाने का प्रावधान उपलब्ध है। इससे पुराने प्रमाण पत्र भी डिजिटल स्वरूप में सुरक्षित किए जा सकेंगे।

<u>प्रधानमंत्री—रामनामी समाज</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कल मंत्रालय में रामनामी समाज के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। इस दौरान रामनामी समुदाय के लोगों ने प्रधानमंत्री को अपने पारंपरिक मोर मुकुट से अलंकृत करने की इच्छा जताई। इस पर प्रधानमंत्री ने उनका अनुरोध स्वीकार कर लिया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसका वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा करते हुए इसे भावनात्मक और प्रेरणादायी पल बताया। उन्होंने कहा कि यह समुदाय अपने तन, मन और जीवन को प्रभु श्रीराम के चरणों में अर्पित कर देता है, यही उनकी जीवन साधना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की इस आत्मीयता में भक्ति और कर्म का अद्वितीय संगम झलकता है। यह दृश्य इसकी पुष्टि करता है कि रामभक्ति केवल पूजा नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पवित्र साधना है।

<u>शौर्य पदक सम्मान</u>

छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय ने शौर्य पदक सम्मान की घोषणा कर दी है। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के मौके पर सुकमा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ रहे शहीद आकाश राव गिरपुंजे समेत चौदह पुलिसकर्मियों को यह सम्मान दिया जाएगा। इसके साथ ही बीजापुर के निरीक्षक धरम सिंह तुलावी, सहायक उप निरीक्षक गोपाल बोड्डू, नारायणपुर के शहीद प्रधान आरक्षक बीरेन्द्र कुमार शोरी सहित दस आरक्षकों को इस सम्मान के लिए चुना गया है। अलंकरण समारोह पांच नवंबर को आयोजित किया जाएगा।

लेखनी साहू–राज्यपाल मुलाकात

राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कोरबा जिले की लेखनी साहू ने आज राजभवन में राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने लेखनी साहू से उनके अनुभवों पर चर्चा की और कहा कि ऐसे युवा समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने लेखनी को समाजसेवा के कार्यों में जुड़े रहने को कहा।

गौरतलब है कि लेखनी साहू राष्ट्रीय सेवा योजना–एनएसएस की छात्रा हैं और उन्हें बीते छह अक्टूबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा जागरूकता और शासन की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए सम्मानित किया था।

माशिमं–हेल्पलाइन नंबर

देश में विद्यार्थियों में आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल
ने हेल्पलाइन सुविधा शुरू की है। मंडल द्वारा यह सुविधा इकतीस अक्टूबर से शैक्षणिक संस्थानों जैसे – स्कूल, कोचिंग संस्थान, कॉलेज और प्रशिक्षण केन्द्रों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए शुरू की गई है। इसके तहत मंडल की टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर एक आठ शून्य शून्य – दो तीन तीन – चार तीन छह तीन (1800–233–4363) पर परामर्श प्रदान किया जा रहा है। मनोवैज्ञानिक और मनोचिकित्सक हर शुक्रवार को विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से मुक्ति और संतुलित जीवनशैली अपनाने के उपाय बताएंगे।

राजाडेरा जलाशय–टूटा

धमतरी जिले में स्थित राजाडेरा जलाशय के टेल एरिया के पास बांध का एक हिस्सा टूटने से नाले का जलस्तर बढ़ गया है। इससे बांध के नीचे बसे बेलोना, कोरगांव, शुक्लाभाठा और आमाचानी सहित दर्जनों गांव के किसानों की परेशानी बढ़ गई है। किसानों ने कहा कि नाले के पास धान की फसल लगी हुई है, जो पूरी तरह पककर तैयार है। उन्होंने कहा कि यदि नाले में बाढ़ आएगी, तो उनकी फसल बर्बाद हो जाएगी।

सिंचाई विभाग के एसडीओ रविन्द्र कुंजाम ने बताया कि बांध की मरम्मत की तैयारी की जा रही है। बांध का टेल एरिया टूटने की जानकारी उच्च अधिकारी को दे दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को बांध के आसपास नहीं जाने की चेतावनी दी गई है।

अग्निवीर भर्ती–शारीरिक प्रशिक्षण

भारतीय थल सेना द्वारा अग्निवीर भर्ती के तहत शारीरिक दक्षता परीक्षा जनवरी महीने में राजनांदगांव में आयोजित की जाएगी। इसी के तहत गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही में जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा आज से स्थानीय युवाओं के लिए निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। पेण्ड्रा के शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय मैदान में यह प्रशिक्षण शिविर इकतीस दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। इस दौरान भारतीय सेना के भूतपूर्व सैनिक युवाओं को हर दिन सुबह छह से आठ बजे तक प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण में वे सभी अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं, जिन्होंने इस साल जुलाई महीने में आयोजित अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है। यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क है।

<><><><><><><>